Title: Need to take action regarding atrocities on the Tharu tribal woman namely Munni Devi in the Khiri constitutency, Uttar Pradesh.

श्री रवि प्रकाश वर्मा (खीरी) : उपाध्यक्ष महोद्य, मेरे संसदीय क्षेत्र में थारू जनजाति के लोग हैं। उनके उत्पीड़न को लेकर लोगों में रोा व्याप्त है। थारू जनजाति की एक नव्युवती मुन्नी देवी, सुपुत्री रामचन्द्र मुरारी, को उस क्षेत्र के कुछ दबंग लोगों ने जबर्दस्ती अपने कब्जे में रखा और उस पर जुल्म तथा अत्याचार किया गया। उसकी एफ.आई.आर. दर्ज करा दी गई है, बयान भी हो गए हैं। उसके बाद भी उन मुजरिमों को गिरफ्तार नहीं किया गया। मानवाधिकार आयोग और राट्रीय महिला आयोग द्वारा भी इसमें हस्तक्षेप किया गया, लेकिन मुजरिम नहीं पकड़े गए। स्थानीय पुलिस उनको संरक्षण दे रही है और उलटे पीड़ित महिला पर दबाव डाल रही है कि मामले को रफा-दफा कर दिया जो। मैं केन्द्र सरकार के संज्ञान में लाना चाहता हूं कि इस सम्बन्ध में प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।